**मुख्यालय**
**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
**Employees' State Insurance Corporation**
**पंचदीप भवन, नई दिल्ली -110002**

संख्या: ई-13/12/11/2020-ज.स.                                                                 दिनाक: 25.10.2020

# प्रेस विज्ञप्ति

1. **बरेली, उ0 प्र0 में 100 बिस्तरों वाले नए क0रा0बी0नि0 अस्पताल का भूमि पूजन किया गया।**
2. **नए क0रा0बी0नि0 अस्पताल के प्रस्तावित निर्माण से दशहरे के शुभ दिन बरेली क्षेत्र के लोग प्रसन्न एवं आनंदित हुए।**

बरेली, उ0 प्र0 में 100 बिस्तरों वाले नए क0रा0बी0नि0 अस्पताल का भूमि पूजन **श्री संतोष कुमार गंगवार,** माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार द्वारा आज दिनांक 25.10.2020 को किया गया।

माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार तथा बरेली से आठवीं बार सांसद बने श्री **संतोष** कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की चिकित्सा जरूरतों को स्वप्न से यथार्थ में परिवर्तित करने हेतु केन्द्र सरकार, राज्य सरकार तथा जिला **प्रशासन** के प्रयासों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस अस्पताल के बनने से बीमाकृत व्यक्तियों तथा लाभार्थियों की **मुश्किलें** आसान हो जाएंगी क्योंकि इससे पूर्व उन्हें चिकित्सा उपचार हेतु एम्स, दिल्ली अथवा लखनऊ जाना पड़ता था। मंत्री ने यह भी **घोषणा** की कि इस क0रा0बी0नि0 अस्पताल की सुविधाएं नाममात्र के प्रयोगकर्ता **शुल्क** पर आम आदमी को भी उपलब्ध करायी जाएंगी। आगे उन्होने कहा कि भविश्य में इस अस्पताल को माडल अस्पताल के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर **डॉ. उमेश गौतम,** माननीय महापौर बरेली, उ0प्र0, डा0 अरूण कुमार, माननीय विधायक, बरेली, उ0 प्र0, डा0 डी0सी0 वर्मा, माननीय विधायक, मीरगंज, श्री रणवीर प्रसाद, भा0 प्र0 से0, आयुक्त, बरेली, श्री नीतेश कुमार, भा0 प्र0 से0, जिलाधिकारी, डा0 केशव अग्रवाल, माननीय सदस्य, क0रा0बी0 निगम तथा श्रीमती उशा उपाध्याय, माननीय पार्शद आदि गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने बरेली क्षेत्र के कामगारों तथा अन्य व्यक्तियों के लाभ हेतु किए गए प्रयासों के लिए केन्द्रीय मंत्री का अत्यंत आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व डा0 आर0 के0 कटारिया, चिकित्सा आयुक्त ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया तथा क0रा0बी0निगम के हाल ही के प्रयासों के विषय में बताया जिसमें पूरे भारत के कामगारों के लिए 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना' के तहत उपलब्ध कराए गए विस्तारित हितलाभ भी शामिल थे।

**प्रस्तावित अस्पताल के विषय में**

इस अस्पताल का निर्माण 4.67 एकड़ भूमि क्षेत्रफल पर किया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत 90 करोड़ रू0 होगी। यह बरेली तथा निकटस्थ क्षेत्रों के लगभग 2 लाख क0रा0बी0 लाभार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक होगा। यह अस्पताल अनेक अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे – माइनर ओ टी, रिसस्सीटेशन कक्ष, कैजुअल्टी वार्ड, सी एम ओ कक्ष, फ्रेक्चर क्लीनिक, एक्स–रे, ई0सी0जी0, सैम्पल कलेक्शन, रेडियोलॉजी, ओ टी/आईसीयू, वार्ड इत्यादि से युक्त होगा।

**भारत में क0रा0बी0 योजना**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम व्यापक सामाजिक सुरक्षा हितलाभ जैसे उचित चिकित्सा देखभाल और रोजगार चोट, बीमारी, मृत्यु इत्यादि जैसी आवश्यकता के समय नकद हितलाभों की एक श्रृंखला उपलब्ध कराने वाला एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा संगठन है।यह योजना श्रमिकों की लगभग3.49 करोड़ परिवारइकाइयों को व्याप्त कर रही है तथा अपने 13.56 करोड़ लाभार्थियों को अद्‌वितीय नकद हितलाभ तथा उचित चिकित्सा देखरेख उपलब्ध करा रही है। आज, इसकी अवसंरचना में 1520 कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय(मोबाईल औषधालयों सहित)/307 आईएसएम इकाइयां और 159 क.रा.बी.अस्पताल, 793 शाखाभुगतान कार्यालय/तथा 64 क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ कई गुणा वृद्‌धि हो चुकीहै। आज क योजना देश के.बी.रा.सभी राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों, लक्षद्‌वीप को छोड़कर56 8 जिलों में कार्यान्वित है।

विभिन्न हितलाभों के अतिरिक्त, क.रा.बी.योजना के अधीन व्याप्त कर्मचारी बेरोजगारी भत्ता के भी हकदार हैं। अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना (एबीवीकेवाई) तथा राजीव गांधी श्रमिक कल्याण योजना (आरजीएसकेवाई) नाम की दो बेरोजगारी भत्ता योजनाएं हैं।

******